परिक्षेत्रीय कार्यालय,
परिक्षेत्र बस्ती

प्रेस नोट
दिनांक – 26-07-2025

- **RO/ARO परीक्षा-2025 के दृष्टिगत मण्डलायुक्त एवं डीआईजी बस्ती द्वारा श्री शिव मोहर नाथ पाण्डेय किसान जनता इण्टरमीडिएट कालेज नगर बाजार का किया गया निरीक्षण।**
- **परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी व शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु सम्बन्धित को दिए आवश्यक निर्देश।**

आज दिनांक 26.07.2025 को मण्डलायुक्त बस्ती श्री अखिलेश सिंह एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती श्री संजीव त्यागी द्वारा उ0प्र0 लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित समीक्षा अधिकारी (RO/ARO) भर्ती परीक्षा-2025 के दृष्टिगत श्री शिव मोहर नाथ पाण्डेय किसान जनता इण्टरमीडिएट कालेज नगर बाजार जनपद बस्ती का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान केंद्र की सुरक्षा व्यवस्था, प्रवेश/निकास की व्यवस्था, निगरानी हेतु लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की क्रियाशीलता, बायोमेट्रिक सत्यापन की प्रक्रिया, प्रश्नपत्र वितरण की सुरक्षा, निगरानी ड्यूटी आदि के सम्बन्ध में समीक्षा कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया जिससे परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी व शान्तिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया जा सके।

मीडिया सेल
परिक्षेत्र बस्ती

परिक्षेत्रीय कार्यालय,
परिक्षेत्र बस्ती

प्रेस नोट
दिनांक – 30-07-2025

- **Cy-Train प्रशिक्षण न करने वाले नहीं बनेगे थाना प्रभारी।**
- **03 माह में सभी को आनलाइन प्रशिक्षण करना होगा पूर्ण।**

आज दिनांक 30.07.2025 को पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती श्री संजीव त्यागी द्वारा अपर पुलिस महानिदेशक,गोरखपुर जोन,गोरखपुर के निर्देश के क्रम में रेंज के पुलिस अधीक्षकगण को अपने-अपने जनपद के समस्त नोडल राजपत्रित अधिकारी साइबर क्राइम को 03 दिवस के अन्दर साइट्रेन प्रशिक्षण प्राप्त करने वालों की संख्या जानने,शेष अधि0/कर्म0गण को आनलाइन प्रशिक्षण दिलाने हेतु योजना तैयार करने, सभी Inspectors/SHO'S को अगले 03 माह में प्रत्येक दशा में प्रशिक्षण प्राप्त कराने तथा थाना प्रभारी पद के उपयुक्तता के लिये Cy-Train प्रशिक्षण भी एक मानक के रुप में रखने हेतु निर्देशित किया गया।

मीडिया सेल
परिक्षेत्र बस्ती

परिक्षेत्रीय कार्यालय,
परिक्षेत्र बस्ती

प्रेस नोट
दिनांक – 01-08-2025

- **डीआईजी बस्ती द्वारा समस्त राजपत्रित अधिकारी व थाना प्रभारीगण के साथ पुलिस लाइन सभागार सिद्धार्थनगर में की गयी अपराध गोष्ठी।**
- **पुलिस लाइन में ट्रेनिंग कर रहे आरक्षीगण से की गयी वार्ता।**
- **संबंधित को दिये आवश्यक दिशा निर्देश।**

आज दिनांक 01.08.2025 को पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती श्री संजीव त्यागी द्वारा पुलिस लाइन सिद्धार्थनगर में रिक्रूट आरक्षीगण से वार्ता की गयी । संबंधित को रिक्रूट आरक्षियों की मूलभूत सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने ,ट्रेनिंग शेड्यूल के अनुसार कराने, प्रशिक्षण की गुणवत्ता का ध्यान रखने हेतु निर्देशित किया गया । तत्पश्चात समस्त राजपत्रित अधिकारी व थाना प्रभारीगण के साथ पुलिस लाइन सिद्धार्थनगर सभागार में अपराध गोष्ठी की गयी । डीआईजी बस्ती द्वारा लंबित विवेचनाओं के निस्तारण व वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी करने, चोरी,नकबजनी की घटनाओं मे प्रभावी कार्यवाही करने , थाने में आने वाले आगंतुक/ पीड़ित/फरियादियों से सहानुभूति व सम्मान पूर्वक व्यवहार करने तथा उनकी समस्या/शिकायत को सुनकर यथाशीघ्र विधिक निस्तारण करने,थानों में खड़े वाहनों के संबंध में आपरेशन क्लीन के तहत कार्यवाही करने, सक्रिय अपराधियों व दुराचारियों की निगरानी करने, नेपाल बार्डर पर समय-समय पर संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चेकिंग करने, सभी को साइट्रेन व I-GOT कर्मयोगी पोर्टल पर की ट्रेनिंग कराने हेतु निर्देशित किया गया ।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर सहित क्षेत्राधिकारीगण व थाना प्रभारीगण व अन्य अधि0/कर्म0गण उपस्थित रहे ।

मीडिया सेल
परिक्षेत्र बस्ती

परिक्षेत्रीय कार्यालय,
परिक्षेत्र बस्ती

प्रेस नोट
दिनांक – 04-08-2025

- **“आईजीआरएस रैंकिंग में बस्ती रेंज को प्रदेश में मिला प्रथम स्थान।“**

आईजीआरएस की माह जुलाई की रैंकिंग में बस्ती रेंज को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। रैंकिंग में प्रथम स्थान प्राप्त होने पर पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती श्री संजीव त्यागी द्वारा परिक्षेत्रीय कार्यालय के प्रभारी आईजीआरएस निरीक्षक श्री ब्रजेन्द्र प्रसाद पटेल व उनके अधीनस्थों को शाबाशी दी गयी।

मीडिया सेल
परिक्षेत्र बस्ती

परिक्षेत्रीय कार्यालय,
परिक्षेत्र बस्ती

प्रेस नोट
दिनांक – 04-08-2025

- **परिक्षेत्रीय कार्यालय जनपद बस्ती। महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश महोदया के बस्ती में आवागमन के दौरान वाहनों को नेशनल हाईवे से डायवर्ट कराये जाने का प्लान -**

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश महोदया के बस्ती में आवागमन को दृष्टिगत दिनांक 04.08.2025 को रात्री 12.00 बजे से दिनांक 05.08.2025 को 20.00 बजे (कार्यक्रम समाप्ति) तक अयोध्या बस्ती मार्ग पर वाहनों का आवागमन प्रतिबन्धित रहेगा। आवश्यकतानुसार छोटा वाहन (एम्बुलेंस आदि) एक लेन से चलाया जायेगा।

1. लखनऊ से गोरखपुर की तरफ आने वाले वाहनों को बाराबंकी से ही रोककर जरवल रोड, कर्नेलगंज, गोण्डा, उतरौला, डुमरियागंज होते हुए गन्तव्य को डायवर्ट कर दिया जायेगा।

2. अयोध्या से बस्ती, गोरखपुर के तरफ आने वाले वाहनों अयोध्या से लोलपुर होते हुए कटरा, लकड़मण्डी, नवाबगंज, गोण्डा, डुमरियागंज से गन्तब्य को डायवर्ट कर दिया जायेगा।

3. गोरखपुर से लखनऊ की तरफ जाने वाले वाहनों को खलीलाबाद से डायवर्ट कर मेंहदावल रोड होते हुए बांसी, डुमरियागंज, उतरौला, होकर आगे निकाला जायेगा।

4. बस्ती से लखनऊ की तरफ जाने वाले वाहनों को बड़ेबन ओवरब्रिज के ऊपर न जाकर डायवर्ट कर ओवरब्रिज के नीचे से मनौरी- भानपुर- डुमरियागंज के रास्ते आगे को भेजा जायेगा। तथा फुटहिया ओवरब्रिज से कलवारी होते हुए टाण्डा अम्बेडकरनगर की ओर डायवर्ट किया जायेगा।

5. अम्बेडकर नगर से बस्ती की तरफ आने वाले वाहनों को कलवारी चौराहे से गायघाट, कुदरहा, लालगंज होते हुये जनपद संतकबीर नगर हेतु डायवर्ट किया जायेगा

मीडिया सेल
परिक्षेत्र बस्ती

परिक्षेत्रीय कार्यालय,
परिक्षेत्र बस्ती

प्रेस नोट
दिनांक – 04-08-2025

- **डीआईजी बस्ती द्वारा मा0 राज्यपाल महोदया जी के कल आगमन के दृष्टिगत पुलिस लाइन बस्ती में अधिकारी कर्मचारी गण को किया गया ब्रीफ।**
- **मंडलायुक्त व डीआईजी बस्ती द्वारा कार्यक्रम स्थलो व रूट/सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा।**
- **कार्यक्रम को सकुशल संपन्न कराने हेतु संबंधित को दिये आवश्यक दिशा निर्देश।**

आज दिनांक 04.08.2025 को पुलिस उप महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती श्री संजीव त्यागी द्वारा मा0 राज्यपाल महोदया श्रीमती आनन्दी बेन पटेल उ0प्र0 सरकार के जनपद बस्ती में कल दिनांक 05.08.2025 को प्रस्तावित आगमन के दृष्टिगत पुलिस लाइन बस्ती में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक बस्ती के साथ अधिकारी व कर्मचारीगण को ड्यूटी के संबंध में ब्रीफ किया गया।

ततपश्चात मंडलायुक्त व डीआईजी बस्ती द्वारा कार्यक्रम स्थलों कृषि विज्ञान केन्द्र बंजरिया, अटल बिहारी बाजपेयी प्रेक्षागृह आदि का भ्रमण कर रुट/सुरक्षा व्यवस्था एवं तैयारियों का जायजा लिया गया तथा ड्यूटी मे लगे सभी संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण को कार्यक्रम स्थल, सुरक्षा व्यवस्था व रूट व्यवस्था में सतर्क दृष्टि रखते हुए मा0 राज्यपाल महोदया जी के कार्यक्रम को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु आवश्यक आदेश-निर्देश दिया गया।

इस दौरान पुलिस व प्रशासनिक विभाग के अधिकारी /कर्मचारीगण मौजूद रहे।

मीडिया सेल
परिक्षेत्र बस्ती